बाबा का नाम जपले | by Namrata Karwa

बाबा का नाम जपले तुझे आसरा मिलेगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा

दुनिया के रिश्ते नातो में ना तेरा कोई अपना
ये हारे का सहारा बस इनका नाम जपना
सब द्वार बंद होंगे ये दर खुला मिलेगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा

कितना छुपा ले दामन ये देख सब रहा है
नेकी बदी को तेरी हर पल ये लिख रहा है
जिस दिन हिसाब लेगा उसे क्या जवाब देगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा

दौलत हो या हुकूमत ताकत हो या जवानी
हर चीज़ मिटने वाली हर चीज़ आनी जानी
ये सब गुरूर एक दिन माटी में जा मिलेगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा
बाब का नाम जपले तुझे आसरा मिलेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-namrata-karwa/